पुस्तकालय

2

2571
16/3/07

असंशोधित

1 3 MAR 2007

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग ]–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर )

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्रे०सं०......585......तिथि 16/3...

बि०स० मु० (एल० ए०) 219—मामी—1,000—9-6-2004

आपके माध्यम से मा० मंत्री जी से जानना चाहेंगे कि जो जेनरल उर्दू से अपना ज्ञानार्जन किये हैं, डिग्री लिये हैं उन्हें शिक्षक नियोजन में बहुत कठिनाई पैदा हुई है और आलिम-फाजिल वालों को बहाल किया गया है । मैंने इस संबंध में एक पत्राचार मा० मंत्री जी से किया था जिसका जवाब अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ है इसलिए आज हम आपके माध्यम से, पूरक प्रश्न के माध्यम से मा० मंत्री जी से जानना चाहते हैं कि जो जेनरल उर्दू वाले हैं उनके नियोजन में कोई दिक्कत है या नहीं ।

श्री वृषिण पटेल, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, इसमें कोई दिक्कत नहीं है ।

## तारांकित प्रश्न संख्या-८०९

श्री रामेश्वर पासवान, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, खंड-१. उत्तर स्वीकारात्मक है ।
खंड-२. इसके लिए प्राक्कलन तैयार करने का आदेश दिया गया है । प्राक्कलन आने के पश्चात इस पर आगे वित्तीय वर्ष में कार्रवाई की जायेगी ।

श्री तारकिशोर प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं मा० मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि क्या इसी वित्तीय वर्ष में इस छात्रावास की मरम्मति करा दी जायेगी।

श्री रामेश्वर पासवान, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मैंने कहा कि प्राक्कलन मँगा रहे हैं । प्राक्कलन आने के बाद, चूँकि इस वित्तीय वर्ष में अब कुछ ही समय बचा है इसलिए आगे आने वाले वित्तीय वर्ष में इसको करा देंगे ।

श्री तारकिशोर प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, ये मामला विगत एक वर्ष से चल रहा है, माननीय मंत्रीजी को विगत एक वर्ष से व्यक्तिगत रूप से मैं कह रहा हूँ कि उसकी मरम्मति होनी चाहिए । दर्शन शाह महाविद्यालय कटिहार का सबसे प्राइम महाविद्यालय है और उसमें पूरे जिले के कमजोर वर्गों के छात्र उस छात्रावास में रहते हैं, उसकी स्थिति विगत बीस वर्षों से जर्जर है, अगर उसकी मरम्मति तुरंत नहीं करायी गयी तो किसी भी तरह की दुर्घटना हो सकती है । महोदय, हम आपके माध्यम से जानना चाहेंगे कि क्या माननीय मंत्रीजी एक नीयत अवधि तय कर इसी वित्तीय वर्ष में उसका अविलंब निर्माण कराना चाहेंगे ?

अध्यक्ष : माननीय मंत्री ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में उसका निर्माण कराऐंगे ।

श्री तारकिशोर प्रसाद : माननीय अध्यक्षजी, फिर मामला एक वर्ष के लिए बढ़नेवाला है ।

श्री ललन पासवान : अध्यक्ष महोदय, हम आपके माध्यम से माननीय मंत्रीजी से जानना चाहते हैं कि कटिहार और पूर्णियां के छात्रावास के बारे में ये अगले वित्तीय वर्ष में कह रहे हैं, वहां बरसात के दिनों में लड़कों को सोने का जगह नहीं है, वे चौकियों पर सोते हैं, वहां पानी टपकता है और कभी-भी अप्रिय घटना घट सकती है और ..

प्राक्कलन मंगाऐंगे अगले वित्तीय वर्ष में और तब तक कोई घटना घट जायेगी, तब तक छात्रावास ढह सकता है । हम आपके माध्यम से जानना चाहते हैं कि माननीय मंत्रीजी इस वित्तीय वर्ष में कब तक इसका निर्माण कराना चाहते हैं, ये प्राक्कलन तिथि का निर्धारण करके बताऐं कि कब तक उसका निर्माण कराऐंगे ?

अध्यक्ष : माननीय मंत्रीजी, चूंकि समय कम बचा है और अत्यंत ही संवेदनशील सूचना माननीय सदस्य ने दी है इसलिए इसको संज्ञान में लेते हुए इसपर त्वरित कार्रवाई कीजिए जिससे कि शीघ्रातिशीघ्र उस छात्रावास की मरम्मति हो जाय ।

श्री ललन पासवान : अध्यक्ष महोदय, ये न सिर्फ पूर्णियां, कटिहार का सवाल है, मेरे यहां सासाराम, कैमूर एक नंबर, दो नंबर, दोनों छात्रावास, ये बिहार के संपूर्ण कल्याण छात्रावास की स्थिति बद से बदतर है, हर जगह यही स्थिति है । आप कैमूर में जांच कराके देख लें वहां की स्थिति भी यही है । संपूर्ण राज्य की यही स्थिति है, कहीं चहारदीवारी नहीं है, कहीं बाथरूम, लैटिन नहीं है । इसलिए हम आपके माध्यम से माननीय मंत्रीजी से जानना चाहते हैं कि सरकार बिहार के कल्याण छात्रावास के प्रति कोई योजना बनाकर के रखी है जिससे संपूर्ण बिहार के कल्याण छात्रावास का विस्तार और जो छात्रावास की जर्जर स्थिति है उसका निर्माण कराना चाहती है और चाहती है तो कब तक चाहती है और नहीं चाहती है तो क्यों नहीं चाहती है ?

श्री विजय कुमार शुक्ल : महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्रीजी से जानना चाहता हूँ कि कई जिलों में छात्रावास लंबित है, उनकी वैशाली जिला में क्या योजना है । इस सिलसिले में मैं माननीय मंत्रीजी से तीन बार मिल चुका हूँ, लेकिन अभी तक वहां कोई कार्रवाई नहीं हुई है, न उसका जमीन निकाला गया है, न उसको बनाने की कोई योजना है । महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्रीजी से जानना चाहता हूँ कि वैशाली जिला में अल्पसंख्यक छात्रावास का निर्माण कब तक करा रहे हैं और उसका क्या प्रारूप इनके पास है ।

अध्यक्ष : शुक्लाजी, ये अल्पसंख्यक का नहीं है, ये अनुसूचित जाति, जनजाति का है।

श्री विजय कुमार शुक्ल : अध्यक्ष महोदय, कल्याण के माध्यम से भी, अल्पसंख्यक के माध्यम से भी मैं दोनों जानकारी इनसे चाहता हूँ ।

श्री रामेश्वर पासवान, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, ये स्पेशफिक प्रश्न है कटिहार जिला से और उसके संबंध में मैंने इनको उत्तर दिया और ये स्पष्ट कहा कि वित्तीय वर्ष तो बिलकुल अब निकट है, समाप्त होनेवाला है, प्राक्कलन आ जाने के बाद इसको करा देंगे । अगले वित्तीय वर्ष ३१ मार्च के बाद शुरू हो जाता, उनको मैं करवा दूँगा ये मैंने स्पष्ट कहा । इतने वर्षों से जब बर्दाश्त किये तो १५ दिन और थोड़ा बर्दाश्त करें । मैं समझता हूँ अगले वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने के बाद मैं इनका काम करवा दूँगा ।